SUCCESS KEY TEST SERIES

Unit Test - 3

Std: VIII (E.M)	**Subject: Hindi**	**Time: 2Hrs**
Date :	**Chapter 2.1 to 2.4**	**Max Marks: 40**

विभाग 1 : गद्य

Q.1 **निम्नलिखित परिच्छेद के आधार पर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए :** **8**

1. आकृती पूर्ण कीजिए: (2)



पात्र

१. लकड़हारा २. एक ग्रामीण व्यक्ति के रूप में भगवान ३.लकड़हारे की पत्नी 4. एक हरा-भरा पेड़ ।

पहला दृश्य

(एक लकड़हारे टहलता हुआ मंच पर आता है । लकड़हारे के हाथ में कुल्हाड़ी है । वह पेड़ के पास आकर रुक जाता है ।)

लकड़हारा : (पेड़ को देखकर) चलो, आज इसी पेड़ को काटे । इससे आज की का इंतजाम हो जाएगा । (पेड़ की डाल काटने के लिए कुल्हाड़ी चलता है पर कुल्हाड़ी हाथ से छूटकर नदी में गिर जाती है)

लकड़हारा : (चिंतित एवं दुखी स्वर में) हे भगवान ! मेरी कुल्हाड़ी ...पानी गहरा है, तैरना अता नहीं । कैसे कटूँगा क्या बेचूँगा? आज बच्चे क्या खाएँगे ? (इसी बीच भगवान ग्रामीण व्यक्ति का वेश धारण कर मंच पर आते है ।)

ग्रामीण : बड़े दुखी लग रहे हो । क्या हुआ?

लकड़हारा : (दुख भरे शब्दों में) क्या कहूँ भाई, अचानक मेरी कुल्हाड़ी नदी के गहरे पानी में गिर पड़ी। मेरा तो सब कुछ चला गया ।

ग्रामीण : हाँ भाई, तुम्हारा कहना तो ठीक है ।

2. एक शब्द में उत्तर लिखिए : (2)

   1. लकड़हारा के हाथ में क्या है ?
   2. किसको काटने से रोटी का इंतजाम हो जाएगा ?
   3. भगवान कैसे व्यक्ति वेश धारण कर के मंच पर आते हाँ ?
   4. कुल्हाड़ी कहाँ गिर गई ?

3. A. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : (1)

   1. लकड़हारा 2. रोटी 3. डाल 4. कुल्हाड़ी

B. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : (1)

1. पास 2.ठिक 3. ग्रामीण 4. दुखी

4. क्या आपको लकड़हारा की कुल्हाड़ी गिरने का दुख हुआ ? अपने विचार प्रकट कीजिए | (2)

विभाग 2 : पद्य

Q.2 निम्नलिखित पद्यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए : 6

1. कृति पूर्ण कीजिए: (2)



धरती का आँगन महके कर्मज्ञान-विज्ञान से ।
ऐसी सरिता करो प्रवाहित खिले खेत सब धान से ।।
अभिलाषाएँ नित मुसकाएँ आशाओं की छाँह में,
पैरों की गति बँधी हुई हो विश्वासों की राह में ।
शिल्पकला -कुमुदों की माला वक्षस्थल का हार हो,
फूल-फलों से हरी-भरी इस धरती का श्रृंगार हो ।

2. A. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए: (1)

1.सरिता 2.अभिलाषा

B. निम्नलिखित शब्दों के आगे उपसर्ग लगाकर नए शब्द लिखिए: (1)

1.विश्वास 2.हार

3. ऊपर दिए गए पद्यांश के प्रथम दो पंक्तियों के भावार्थ लिखिए: (2)

विभाग 3 – भाषा अध्ययन (व्याकरण)

Q.3 सूचनाओके अनुसार कृतिया कीजीये . 2

(1) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) ईश्वर पर विश्वास न रखने वाला

(ii) जो नही हो सकता

(2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचानिए : 2

(i) जब मनुष्य जंगली था | (जातिवाचक)

(ii) माथे पे तू हो चंदन | (द्रव्यवाचक)

(3) **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए :** 2

(i) जिस शब्द के साथ 'पूर्ण' लग जाता है, वह 'पूर्ण भयावह ' हो जाता है |

(ii) काफी साहस करके दरवाज़े पर लगी घंटी बजाई |

(4) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** 2

(i) चाँदी

(ii) प्राण

(5) **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :** 2

(i) इधर-उधर की लगाना

(ii) चक्कर में पड़ जाना

Q.4

विभाग 4 – उपयोजित लेखन

(1) **पत्र लिखन:** 5

निम्नलिखित जानकारी का उपयोग करे:



(2) **निम्नलिखित शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए तथा कहानी से प्राप्त सीख का उल्लेख करते हुए कहानी को उचिर शीर्षक भी दीजिए :** 5

सज्जन व्यक्ति - पुत्र का बुरी संगति में फँसना - उपदेशों का प्रभाव नहीं - एक सडा आम - अन्य आमों के साथ रखना - पुत्र का प्रभाव देखना - सुधरना |

(3) **निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** 6

(i) हिंदी दिवस

(ii) नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों

(iii) अनुशासन

-------- All the Best --------